# स्वर्ग से सुन्दर धाम जहाँ मैया का दरबार लिरिक्स

स्वर्ग से सुन्दर धाम,
जहाँ मैया का दरबार,
दर्शन कर ले प्राणी,
जीवन मिले ना बारम्बार।bd।

तर्ज – सावन का महीना।

---

सूरज की किरणे तेरी,
ज्योति जगाए,
चंदा की किरणे तेरी,
आरती गाए,
टिमटिम करते तारे,
जैसे पायल की झंकार,
दर्शन कर ले प्राणी,
जीवन मिले ना बारम्बार।bd।

---

भक्ति तेरी है मैया,
गंगा की धारा,
शक्ति तेरी है मैया,
यमुना की धारा,
भक्ति शक्ति के संगम में,
जीवन का उद्धार,
दर्शन कर ले प्राणी,
जीवन मिले ना बारम्बार।bd।

---

जल थल नभ सब,
तेरे सहारे,
ममतामई माँ तुझको,
भक्त पुकारे,
सुनले करुण पुकार मैया,
कर दे बेड़ा पार,
दर्शन कर ले प्राणी,
जीवन मिले ना बारम्बार।bd।

---

अम्बे जगदम्बे काली,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

नाम है तेरा,
कष्ट मिटाना सबका,
काम है तेरा,
'माया' गाए धूम मचाए,
तेरी जय जयकार,
**Bhajan Diary Lyrics,**
दर्शन कर ले प्राणी,
जीवन मिले ना बारम्बार।**bd**।

---

स्वर्ग से सुन्दर धाम,
जहाँ मैया का दरबार,
दर्शन कर ले प्राणी,
जीवन मिले ना बारम्बार।**bd**।

**Singer – Saurabh & Keshav Madhukar**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com